जनता का सबसे लोकप्रिय समाचार पत्र

# हरियाणा न्यूज फ्लैश

MAX 30°C°F MIN 17°C°F

RNI No. HARHIN/2008/27758

संपादक - रमेश गिल्होत्रा मो. : 98122-13000

संस्कार सुविचार: मनुष्य की सम्पत्ति ना दौलत है, ना जायदाद है। उस की असली सम्पत्ति तो उसका हँसता हुआ परिवार, अच्छा स्वास्थ्य, शुभचिंतक मित्र और स्वयं का संतुष्ट मन है।

आपकी बुलंद आवाज | e-mail : haryananewsflash01@gmail.com | www.haryananewsflash.com | DIGITAL EDITION

वर्ष - 14, पृष्ठ-04, मूल्य-04 रुपये | मंगलवार 14 मार्च, 2023 | चंडीगढ़ * पंजाब * हरियाणा * हिमाचल * उत्तर प्रदेश व राजस्थान में लाखों पाठकों की ओर अग्रसर



आवश्यकता है

वीडियो एडिटर की, चैनल में कार्य कर रहे, अनुभवी को वरीयता।

सम्पर्क करें : 98122-13000


## छोटी खबरें

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**पंचकूला।** पुलिस प्रवक्ता नें जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस उपायुक्त श्री सुमेर प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निर्मल सिह के नेतृत्व में विदेश भेजनें के नाम पर 7.6 लाख रुपये ठगी के मामलें में आरोपी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान सुरेश कुमार उर्फ पाला राम वासी फकीर चंद वासी गांव फतेहगढ जिला अम्बाला के रुप में हुई। पीडित जय सिंह पुत्र चतन सिंह वासी फतेहगढ अम्बाला नें शिकायत दर्ज करवाई कि पाला राम उर्फ सुरेश नाम के व्यकित नें पीडित से कहा कि उसके पास एक जानकार व्यकित है जो कि आपको सस्ते में विदेश भेज देगा अगर जाना चाहते हो तो उसके बाद पीडीत व्यकित नें विदेश जानें हेतु पाला राम से सम्पर्क किया। पीडित को विदेश भेजनें के नाम पर विश्ववास में लिया और दिनांक 28.05.2019 को उसनें खाते में 60000/- रुपये ट्रांसफर करवा लिये इसके बाद फिर होटल व टिकटो की बुकिंग हेतु दिनांक 10.06.2019 को तीसरे व्यकित के खाते में 1.40 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिये। आपकी फ्लाई गोवा की तरफ से होगी जो व्यकित दिनांक 18.06.2019 को आरोपी के कहनें पर जहाज द्वारा गोवा पहुंच गया जहा पर आरोपी अमित कुमार मिला।

### पुलिस कर्मचारी पर कार चढाने की कोशिश मामले में अपराधी को भेजा जेल

**पंचकूला।** पुलिस प्रवक्ता नें जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस उपायुक्त पंचकूला श्री सुमेर प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में पीओ स्टाफ इन्चार्ज भुपेन्द्र सिंह व उसकी टीम नें वर्ष 2017 के सडक दुर्घटना मामलें में फरार उदघोषित अपराधी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान सोनू उर्फ मनिन्द्र पाल सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह वासी सेक्टर 45 डी चण्डीगढ हाल गाँव बुढेल चण्डीगढ के रुप में हुई । आरोपी नें दिनांक 25.07.2017 को सुरज थियेटर रोड के पास वीआईपी डयूटी के आनें जानें वाहनों की सही दिशा में करवानें हेतु डयूटी की जा रही थी तभी कुछ देर बाद एक व्यकित कार लेकर आया जिसको तैनात पुलिस कर्मचारी नें रुकनें का इशारा किया तो उसनें कर्मचारी को टक्कर मारनें की कोशिश की और उस गाडी में बैठे अन्य लडके नें कार का शीशा खोलकर चिलाते हुए कहा कि बच गया ट्रैफिक वाला और तेज रफ्तार से कार चलाकर जानबुझकर टक्करी मारी जिसमें तैनात पुलिस कर्मचारी को चोट लगी।

## संसद में गतिरोध के लिए सरकार जिम्मेदार-कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अडाणी समूह से जुड़े मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग उठाने नहीं दे रही है जिस कारण संसद में लगातार गतिरोध बना हुआ है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अडाणी समूह के मामले को लेकर सरकार पर कुछ सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि इस सरकार की विदेश नीति का लक्ष्य अडाणी समूह को फायदा पहुंचाना है। उन्होंने एक वीडियो में कहा, ''क्या भारत की विदेश नीति का लक्ष्य अडाणी जी को और अमीर बनाने का है? पिछले नौ वर्षों से मोदी जी ने देश को भ्रम में रखा है और अडाणी जी को अपने साथ विश्व भ्रमण में रखा है।'' कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने ट्वीट किया, ''मोदी सरकार संयुक्त विपक्ष को प्रधानमंत्री से जुड़े अडाणी महाघोटाले के लिए जेपीसी की मांग रखने तक की इज़ाजत नहीं दे रही है। इसका परिणाम है कि संसद में लगातार गतिरोध बना हुआ है। यही एकमात्र मुद्दा है। बाकी जो हो रहा है वह प्रधानमंत्री और उनके सहयोगियों द्वारा ध्यान भटकाने के लिए किया जा रहा है। अडाणी ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें पहली सफलता (कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री) चिमनभाई पटेल के समय मिली थी...दूसरी सफलता उन्हें राजीव गांधी के समय मिली।''

## फतेहाबाद में नशा, अपराध के खिलाफ हुआ बंद शत-प्रतिशत सफल, सीएम के नाम संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद में बढ़ती आपराधिक वारदातों व नशा तस्करी के खिलाफ जिला मुख्यालय के लोगों ने एतिहासिक बंद किया।पहली बार किसी राजनीतिक दल के दखल के बिना केवल सामाजिक-धार्मिक व व्यापारिक संगठनों की एकजुटता से बंद शत्-प्रतिशत सफल रहा। बंद के तहत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व क्षेत्र के सैंकड़ों लोग अनाज मंडी शैड के नीचे एकत्रित हुए। यहां विभिन्न संगठन पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। रोष प्रदर्शन व बैठक का कुशल संचालन जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह ने किया। एकत्रित हुए संगठन पदाधिकारी व शहर के लोग भट्टू रोड, लाल बत्ती चैक, फव्वारा चैक, हंस मार्केट, थाना रोड, जवाहर चैक, शिव चैक व चार मरला कॉलोनी से होते हुए वापस अंबेडकर पार्क पहुंचे। यहां अतिरिक्त उपायुक्त अजय चैपड़ा पुलिस के जिला अधिकारियों संग मौके पर पहुंचे, जिन्हें संगठन पदाधिकारियों ने सीएम के नाम सांझा मांग पत्र सौंपा। इससे पूर्व बैठक को संबोधित नागरिक अधिकार मंच पूर्व



प्रधान एवं पार्षद मोहन लाल नारंग, जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह, बाजार व्यापार मंडल प्रधान अशोक नारंग, अनाज मंडी व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू, पगड़ी संभाल जट्टा संगठन प्रमुख मनदीप नथवान, स्वर्णकार सभा सचिव सुरेन्द्र सोनी, गुरूद्वारा सिंह सभा प्रधान महेन्द्र सिंह वधवा, रतिया चुंगी मार्किट यूनियन एवं हंसपुर चैक संघर्ष समिति प्रधान भूप सिंह सिघड़, इलेक्ट्रोनिक एसोसिएशन प्रधान अनिल असीजा, सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष पूनमचंद रत्ति, लैब एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष राजीव सेतिया, केमिस्ट एसोसिएशन प्रधान अरविन्द मोंगा, किरयाणा एसोसिएशन प्रधान अनिल कुमार, भाईचारा रेहड़ी यूनियन प्रधान सुभाष शर्मा, मोबाइल मार्किट प्रधान मुकेश नारंग एमके, सिटी वेलफेयर क्लब प्रधान विनोद अरोड़ा, नई उम्मीद संस्था प्रमुख संगीता प्रणामी, बेटी संस्था प्रधान जय सिंघल, सामाजिक कार्यकर्ता दुष्यंत बबलू शर्मा, पवन शर्मा मैमोरियल ट्रस्ट प्रमुख एडवोकेट प्रशांत शर्मा, कला साहित्य मंच प्रधान डॉ सुरेश पंचारिया, डीवाईएफआई यूनिट प्रमुख आदि ने मुख्य रूप से संबोधित किया।वक्ताओं ने विस्तार से शहर में जिला पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हुए उसे ही क्षेत्र में बढ़ते अपराधों व नशा तस्करी के लिए जिम्मेदार ठहराया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह सांकेतिक बंद केवल मात्र शुरूआत है, यदि जिला को फिर से अपराध व नशा मुक्त बनाने में जिला प्रशासन व पुलिस विभाग ने कठोर कदम नहीं उठाए तो संगठन हर तरह का बलिदान देने को कमर कस चुके हैं।

## गन्ने की फसल के बीच में एक किसान ने अफीम के पौधे उगाए, पुलिस ने उखाडे

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में नागपुर थाना क्षेत्र में एक किसान के खेत से काफी संख्या में अफीम के पौधे पौधे मिले। पुलिस ने पौधे उखाड़ कर जब्त कर लिए हैं और किसान के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले 13 फरवरी को बीघड़ क्षेत्र में एक किसान के खेत से अफीम की खेती मिली थी।

जानकारी के अनुसार नागपुर चौकी इंचार्ज चिमनलाल हुक्मावाली क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि किसान शेर सिंह अपने खेतों में अफीम की खेती कर रहा है। जिस पर रेड पार्टी तैयार की गई और बिजली निगम के एसडीओ रतिया को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर जब मौके पर जाकर देखा तो पाया कि गन्ने के खेतों में काफी संख्या में अफीम के पौधे उगाए हुए थे।



पुलिस ने सारे पौधे उखाड़ कर जब्त कर लिए और आरोपी किसान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। इससे पहले काम बिगड़ में एक किसान के सरसों की फसल के बीच काफी संख्या में अफीम के पौधे मिले थे। बता दें कि खसखस के पौधे की खेती प्रतिबंधित है। क्योंकि इसके पौधे से अफीम चूरा पोस्त सहित कई तरह का नशीले पदार्थ भी तैयार होते हैं।

## फतेहाबाद में बारात में आए युवक की मौत, दो गंभीर घायल

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के गांव डुलट के पास शादी समारोह से लौट रहे युवकों की कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 2 गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से उन्हें अग्रोहा पीजीआई रेफर कर दिया गया है। इनमें एक घायल मृतक का भाई है।

गांव डुलट के पास एक ढाणी में रात को विवाह समारोह था। बारात में भिवानी के गांव मीरान से दो भाई राजेश (32) विकास (28) व उनका रिश्तेदार ढाणी दयाचंद खेड़ा निवासी सुनील (38) आये हुए थे। बताया जा रहा है आधी रात को कार में सवार होकर वापसी के लिए निकले थे। अभी वो ढाणी से कुछ ही दूर चले थे, कि कार एक बकैन के पेड़ से जा टकराई। बताया गया है कि राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दोनों को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से उन्हें अवरोहा रेफर कर दिया गया। वहीं इस घटना के बारे में घायल के परिवारजनों को सूचित कर दिया गया।

## जींद में सब्जी विक्रेता की निर्मम हत्या, घर से दूध लेने निकला था

**जींद।** जींद में भिवानी रोड अंडरपास के नजदीक सब्जी मंडी के मांसाखोर की लाठी, डंडो से पीटकर हत्या कर दी। मृतक के शव को जीन्द के सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए रखा गया है। शहर थाना पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जींद के जवाहर नगर निवासी 47 वर्षीय संजीव उर्फ सोनू छाबड़ा सोमवार शाम को बाइक पर सवार होकर गांव बिशनपुरा से दूध लेने जा रहा था। भिवानी रोड अंडर ब्रिज के निकट सचिन रेढ़ू, अंश वर्मा व उनके 2 अन्य दोस्तों ने सोनू को घेर लिया और लाठियों -डंडों से हमला कर दिया। इसमें सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सोनू को शहर के बाल धर्मार्थ अस्पताल में पहुंचाया।

सोनू की हालत गम्भीर होने के चलते उसे सिविल अस्पताल लाया गया। यहां रात करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।रोहतक रोड चौकी प्रभारी नफे सिंह ने बताया के झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

## फरीदाबाद में ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने 11 साल के मासूम को कुचला, दर्दनाक मौत

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में एक 11 साल के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। बच्चे को ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पहले पीछे से टक्कर मारी और फिर काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। काफी देर बाद पुलिस ने उन्हें समझा कर जाम खुलवाया। पुलिस ने फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। फरीदाबाद जिले के गांव पन्हैड़ा खुर्द निवासी हरकेश अपने 11 साल के बेटे के साथ मंगलवार की सुबह घर से घूमने के लिए निकले थे। तभी गांव के पास ही एक तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पीछे से हरकेश के बेटे को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद भी चालक ने ट्रैक्टर को रोकने की बजाए वह बच्चे को काफी दूर तक घसीटते ले गया और फिर वाहन को छोड़कर मौके से भाग गया। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।



इस घटना के विरोध में आसपास के ग्रामीण लामबंद हो गए। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जाम लगा दिया। जाम की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण उच्च अधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। उच्च अधिकारियों के पहुंचने के बाद उन्होंने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। जाम लगा रहे ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव के आसपास काफी सारे ईंट-भट्टे है। जिनमें से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहन निकलते है। हर समय सड़क पर खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया। क्योंकि ऐसे हादसे पहले भी होते रहे है। ग्रामीणों ने मांग की कि ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसा जाए।

## नकाबपोशों द्वारा अजमेर-अमृतसर ट्रेन में यात्रियों से छीना झपटी का प्रयास

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के टोहाना के जमालपुर क्षेत्र में आज सुबह अजमेर-अमृतसर ट्रेन में यात्रियों से छीना झपटी का प्रयास किया गया। ट्रेन को चेन पुलिंग द्वारा रोका गया, वहीं सिग्नल डाउन कर दिया गया। दिन भर रेलवे पुलिस इस मामले में जांच करती रही।

बताया गया है कि मुंह पर कपड़ा बांधे 3-4 युवकों द्वारा शरारत कर ट्रेन रोकी गई। यात्रियों से मोबाइल आदि की छीनाझपटी की गई, हालांकि दोपहर तक पुलिस को कोई भी शिकायत नहीं मिली। पुलिस का कहना है कि पैसेंजर ट्रेन के साथ आगे चले गए, लेकिन यदि व्हाट्सएप पर भी कोई सूचना आती है तो एफआईआर दर्ज की जाएगी।

अजमेर से अमृतसर चलने वाली ट्रेन नंबर 619 को आज सुबह 4 बजे कुछ शरारती तत्वों ने चेन खींच कर जमालपुर रेलवे स्टेशन के पास रोक दिया गया। वहीं स्टेशन मास्टर को पता चला कि सिग्नल भी



डाऊन कर दिया गया है। जिसके बाद जांच की गई तो पता चला कि कुछ यात्रियों ने बताया कि 3-4 युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर आए और यात्रियों से मोबाइल आदि की छीनाझपटी करने लगे, लेकिन बाद में वे फरार हो गए।

वहीं इसके बाद ट्रेन आगे रवाना हो गई। सूचना पाकर आरपीएफ, जीआरपी की उकलाना, जाखल, टोहाना व हिसार से टीमें जमालपुर स्टेशन पहुंची और दिनभर जांच की। इसके बाद एसएचओ जीआरपी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ युवकों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवाई।

छीनाझपटी को लेकर अभी तक कोई यात्री सामने नहीं आया है। पंजाब जा चुके यात्रियों से संपर्क करने का प्रयास जारी है। यदि कोई शिकायत व्हाट्सएप पर भी आती है तो मामला दर्ज किया जाएगा।

## सीएम फ्लाइंग व फूड सेफ्टी की संयुक्त टीम ने बीघड़ में मिष्ठान भंडार पर छापा मारा

**फतेहाबाद।** सीएम फ्लाइंग व फूड सेफ्टी अधिकारी की संयुक्त टीम ने आज दोपहर गांव बीघड़ में एक मिष्ठान भंडार पर छापा मारा। मौके पर भारी मात्रा में मिले रसगुले, पनीर, दही, दूध, गुलाब जामुन आदि के सैंपल भरे गए।

यहां पर घरेलू सिलेंडरों का कर्मिशयल उपयोग होना भी पाया गया व आधा दर्जन सिलेंडर जब्त किए गए। दुकान पर बेहद गंदे माहौल में खाद्य सामग्री बनाए जाने की बात भी सामने आई, जिस पर भारी मात्रा में तैयार गोलगप्पे का सामान नष्ट करवाया गया। एक ही तेल को बार-बार प्रयोग करने पर तेल नष्ट करवाया गया। समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। हालांकि संचालक के पास फूड सेफ्टी लाइसेंस मिल गया।

यहां पर सीएम फ्लाइंग व फूड सेफ्टी अधिकारी ने संयुक्त कार्रवाई



की है। टीम जब मौके पर गई तो हैरान रह गई। यहां पर कपनुमा प्रोडक्ट में पेयपदार्थ डाला जा रहा था। टीम को देखकर वहां पर काम कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं टीम ने जब दस्तावेज की जांच की तो कुछ नहीं मिला। ऐसे में टीम को यहां से पिला पेयपदार्थ को नालियों में डाल दिया ताकि इसका प्रयोग नहीं किया जा सके।

## हम सेम सेक्स मैरिज पर सरकार के नजरिए से सहमत-होसबोले

**पानीपत।** पानीपत में चल रही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में मंगलवार को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने सेम सेक्स मैरिज पर केंद्र सरकार के नजरिए का समर्थन किया है। होसबोले ने कहा कि शादी सिर्फ अपोजिट सेक्स वालों के बीच ही हो सकती है। तीन दिन की बैठक के आखिरी दिन मंगलवार को दत्तात्रेय होसबोले ने पत्रकारों से बातचीत की। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की सबसे बड़ी और अहम इकाई है जिसे संघ का थिंक टैंक भी कहा जाता है। संघ से जुड़े सारे अहम फैसले और रणनीति इसी में बनती है। पानीपत में हुई सभा की इस बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा तीनों दिन मौजूद रहे।

सरकार्यवाह होसबोले ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लंदन में दी गई स्पीच पर भी अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा, 'इस पर टिप्पणी करने

> **भारतीय संस्कृति में शादी एक संस्कार है। यह कोई कॉन्ट्रेक्ट या दो इंडीविजुअल लोगों के एन्जॉयमेंट की चीज नहीं है।'**

की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि राहुल गांधी का अपना पॉलिटिकल एजेंडा है। आरएसएस की सच्चाई हर कोई जानता है। फिर भी देश की मुख्य विपक्षी पार्टी का बड़ा नेता होने के नाते राहुल गांधी को और ज्यादा जिम्मेदारी से बोलना चाहिए।'

सेम सैक्स में मैरिज से जुड़े सवाल पर दत्तात्रेय ने कहा, 'भारतीय संस्कृति में शादी एक संस्कार है। यह कोई कॉन्ट्रेक्ट या दो इंडीविजुअल लोगों के एन्जॉयमेंट की चीज नहीं है।' होसबोले ने कहा, 'इमरजेंसी के वक्त मैं भी जेल गया था। मेरे अलावा देश के अनेक लोग जेल में डाले गए थे। इंदिरा, राजीव, सोनिया के बाद अब राहुल गांधी भी संघ के बारे में विवादित टिप्पणी कर रहे हैं। वह कह रहे हैं लोकतंत्र खतरे में है। अब चुनाव नजदीक है। लोकतंत्र खतरे में होता तो हम इकट्ठा नहीं हो पाते। कांग्रेस को लोकतंत्र के बारे में बोलने का कोई नैतिक आधार नहीं है। कांग्रेस ने आज तक इमरजेंसी के लिए भी देश से माफी नहीं मांगी।' सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की इस 3 दिवसीय बैठक में चुनाव को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। यहां तक कि संघ की बैठक में राजनीतिक विषय पर भी कोई डिस्कशन नहीं हुआ। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और हरियाणा सीएम मनोहर लाल को बुलाए जाने पर संघ ने कहा कि यह परंपरा है। वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले RSS की टॉप लीडरशिप की यह आखिरी बड़ी मीटिंग रही।

## छोटी खबरें

### ई-टेंडरिंग पर सरपंचों से मुलाकात कर सुलह की तैयारी में सरकार

**चंडीगढ़।** ई-टेंडरिंग को लेकर सरकार और सरपंचों के बीच चल रहे गतिरोध अब थमने वाला है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सरपंचों से चौथे दौर की वार्ता के लिए टाइम दे दिया है। सरपंच एसोसिएशन के पदाधिकारी चंडीगढ़ पहुंच गए हैं। इस बार भी सीएम से मुलाकात से पहले डीआइजी ओपी नरवाल सरपंचों से वार्ता करने के लिए एमएलए हॉस्टल पहुंच गए हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री की सरपंचों के साथ मीटिंग होगी। चौथे दौर की वार्ता के लिए मुख्यमंत्री के टाइम नहीं दिए जाने और सरकार की ओर से ई टेंडरिंग और राइट टू रिकॉल पर यू-टर्न से साफ मना करने पर सरपंच नाराज हो गए थे। इसके बाद सरपंचों ने 17 मार्च को विधानसभा के घेराव का ऐलान किया है। सरपंचों ने चेतावनी दी थी कि यदि सरकार के साथ किसी भी मांग पर सहमति नहीं बनी तो वह 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करेंगे।

### टोल मैनेजर की जमकर पिटाई; कर्मचारियों ने ही धुन दिया, अस्पताल में भर्ती

**पलवल।** पलवल में कुंडली-गाजियाबाद एक्सप्रेसवे पर स्थित टोल पर यह पूरी घटना घटी। कर्मचारियों का टोल मैनेजर के साथ हाजिरी को लेकर कुछ विवाद चल रहा था। जिसके चलते ही उन्होंने टोल मैनेजर के साथ मारपीट की। वहीं इस मारपीट में टोल मैनेजर ज्यादा घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। यहां टोल कर्मचारियों ने अपने मैनेजर को ही पीट दिया। कर्मचारियों ने टोल मैनेजर के साथ मारपीट करते हुए उसकी जमकर पिटाई की। पिटाई के बाद टोल मैनेजर को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। मामला हरियाणा के पलवल का है। पलवल में कुंडली-गाजियाबाद एक्सप्रेसवे पर स्थित टोल पर यह पूरी घटना घटी। कर्मचारियों का टोल मैनेजर के साथ हाजिरी को लेकर कुछ विवाद चल रहा था। जिसके चलते ही उन्होंने टोल मैनेजर के साथ मारपीट की। वहीं इस मारपीट में टोल मैनेजर ज्यादा घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### रतिया में कृषि किसान मेला 17 मार्च को

**रतिया (नीटू गोयल)।** हर साल की तरह इस साल भी रतिया में 17 मार्च 2023 को सुबह 10बजे अनाज मंडी डाकघर के नज़दीक कृषि किसान मेला का आयोजन होने जा रहा है। इस मेले में मुख्यतिथि रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा, प्रमुख समाजसेवी प्रमोद बंसल, खंड कृषि अधिकारी डॉ संदीप रतिया और उद्यान विकास अधिकारी डॉ रवि गोतम शरिक्त करेंगे।जिसमे किसान भाइयों को उन्नत बीज , उन्नत बागवानी,कीटनाशक, जैविक खाद , रसायनिक उर्वरक एवम् आधुनिक तरीके से खेती की जानकारी दी जाएगी। खेती से संबंधित समस्याओं का भी समाधान विशेषज्ञो द्वारा मोके पर ही किया जाएगा । इसके अलावा इस मेले में अलग अलग कंपनियों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जायगी।

## हिन्दू राष्ट्र के समर्थकों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करवाने की मानसिकता देश के लिए घातक

**चंडीगढ़ (विपुल मित्तल)।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान समिति के राष्ट्रीय संयोजक नितिन उपाध्याय के नेतृत्व में भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करवाने का हस्ताक्षर अभियान और 13 अप्रैल को जंतर मंतर पर प्रस्तावित हिन्दू राष्ट्र निर्माण सम्मेलन पर जेहादी और विधर्मी मानसिकता वाले हिन्दू द्रोहियों का आलाप प्रलाप आरंभ हो गया है । हिन्दू द्रोहियों द्वारा हिन्दू राष्ट्र की मांग करने वालों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने का उद्घोष होने लगा है । हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि हिन्दू राष्ट्र के समर्थकों पर देश द्रोह का मुकदमा दर्ज करवाने की मानसिकता देश और सनातन समाज के लिए घातक है । राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी के अनुसार हिन्दू स्वराज्य सेना के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र भाटी ने उत्तराखंड के रामपुर से फोन पर हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी को बताया कि रामपुर में एक मुस्लिम संस्था इत्तेहाद ए मिल्लत काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रज़ा खान ने हिन्दू राष्ट्र की मांग करने वालों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है । तौकीर रज़ा ने अपनी मांग में 15 मार्च से उत्तर प्रदेश के



बरेली से नई दिल्ली तक तिरंगा यात्रा निकालने और 20 मार्च को दिल्ली पहुंचकर राष्ट्रपति को ज्ञापन देने का ऐलान किया है । हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य विजय प्रकाश मानव ने जारी बयान में मुस्लिम संगठन की प्रस्तावित तिरंगा यात्रा को हिन्दू द्रोहियों का जेहाद घोषित करते हुए जेहाद को तिरंगा यात्रा का नाम देना राष्ट्रध्वज का अपमानबताया।उन्होंने तिरंगायात्रा के आयोजकों पर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई करने की मांग की । उन्होंने कहा कि हिन्दू महासभा का 11 माह पहले जंतर मंतर से आरंभ हुआ हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान ने समग्र हिन्दू समाज को आंदोलित और एकजुट करने में विशिष्ट भूमिका निभाई है । धर्माचार्य अपने मठों - आश्रमों से, कथावाचक अपनी कथाओं के माध्यम से , पुजारी अपने मंदिरों से, भजन गायक और गायिकाएं अपने अनुयायियों और साधु संत अपनी भ्रमण प्रवृति से देश के कोने कोने में हिन्दू राष्ट्र का उद्घोष कर रहे हैं ।

## किसानों की खुशहाली के लिए किए जाएंगे हरसंभव प्रयास–राममेहर सिंह जागलान

**नूंह (मुनीश आहुजा)।** वर्तमान में रबी की फसल का सीजन चल रहा है। ऐसे में जिले की मंडियों में किसान बड़ी संख्या में फसल को बेचने के लिए पहुंच रहे हैं। मंडियों में समस्याएं भी मुंह फांड़े खडी हुई हैं।

फसली सीजन में मार्केटिग बोर्ड से किसानों को काफी उम्मीदें हैं। सीजन के लेकर मार्केटिग बोर्ड की क्यां तैयारियां हैं ऐसे कुछ मुद्दों को लेकर मार्केटिंग बोर्ड के जिला विपणन प्रर्वतन अधिकारी राममेहर सिंह जागलान से बातचीत के कुछ अंश...

**जीवन परिचय :**

नाम - राममेहर सिंह जागलान।

शिक्षा - एम.ए, बीएड।

पदनाम - जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी, मार्केटिंग बोर्ड नूंह।

उम्र - 52 वर्ष।

गांव का नाम - जौनधन खुर्द तहसील ईसराना जिला पानीपत हरियाणा।



**एक शिक्षक के तौर पर सरकारी नौकरी से शुरूआत करते हुए मार्केटिंग बोर्ड में जिला अधिकारी के पद तक कैसे पहुंचे?**

1997 में जेबीटी शिक्षक के तौर पहली सरकारी नौकरी की। सन 2000 में गणित मास्टर के पद पर रहा। 2006 में पानीपत में मार्केटिंग कमेटी में सहायक सचिव पानीपत के पद नियुक्ति हुई। 2009 में कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव के पद पर पदोन्नत हुआ। 2014 में जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी नूंह के पद पर पदोन्नक हुआ। 2017 से जोनल विपणन प्रवर्तन अधिकारी के रूप में पदोन्नती लंबित और देय है।

**-जिले की मंडियों में किसानों के लिए बनाए गए टिनशेड व्यापारियों के माल से भरे हुए हैं, कब तक खाली कराया जाएगा ?**

जिले की सभी मंडियों में व्यापारियों और मार्केट कमेटी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर एक सप्ताह के अंदर टीनशेड से माल हटाकर टीनशेड को किसानों के लिए खाली करने के निर्देश दिए गए हैं, अगर इस समय तक टीनशेड खाली नहीं हुए तो संबंधित व्यापारियों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

### पेयजल और शौचालय सहित किसानों को दी जाएंगी सभी मुलभूत सुविधाएं

**-जिले की मंडियों में पेयजल, चार-दिवारी और सिवरेज जैसी समस्याएं मुंह फांड़े खड़ी है इनका समधान कैसे हो पाएगा?**

मंडियों में टूटी हुई चार-दिवारी और सिवरेज जैसी समस्याओं के बारे में बोर्ड के कार्यकारी अभियंता सहित उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। कुछ मंडियों में इस पर काम भी चल रहा है। सीजन में पेयजल के लिए आरओ वाटर के प्याऊ लगाए जाएंगे। जिसके बाद किसानों को पेयजल की समस्या नहीं होगी।

**-रबी के सीजन के लिए क्यां तैयारियां हैं ?**

रबी के सीजन के लिए मार्केटिंग बोर्ड प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। सरकार द्वारा सरसों और गेहूं की खरीद के लिए एजेंसी लगाने के साथ ही खरीद समय पर शुरू करा दी जाएगी। गेट पास काटने की भी पूरी व्यवस्था बना दी गई है। किसानों की खुशहाली के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

**-फीस की चोरी पर किस तरह से लगाम लगाई जाएगी ?**

जिले में पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, तावडू और नूंह कुल चार मंडियां हैं। इन सभी मंडियों में बने हुए सभी अवैध गेटों को जल्द ही बंद करा दिया जाएगा। सभी वैध गेटों पर मार्केट कमेटी के कर्मचारियों की गेट पास काटने की डयूटी लगा दी गई है। इसके साथ ही मंडी में आने और जाने वाले माल पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। फीस चोरी किसी भी किमत पर नहीं होने दी जाएगी।

**-फीस चोरी करवाने में शामिल बोर्ड की काली भेड़ों से किस तरह से निपटोगे ?**

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि फीस चोरी करवाने में कुछ कर्मचारियों की भी सांठ-गांठ होती है। ऐसे में कर्मचारियों पर भी पूरी नजर रखी जा रही है। अगर किसी की भी कोई मिलीभगत पाई जाती है तो व्यापारी पर जुर्माना लगाने के साथ ही कर्मचारियों के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

**-किसानों को किसी प्रकार की सुविधाएं दी जाएंगी ?**

मंडी में आने वाले किसानों को शौचालय, पेयजल और टीनशेड आदि सभी प्रकार की मुलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। अगर किसानों को फसल बेचने से लेकर अन्य कोई भी परेशानी होती है तो वो सीधा मेरे फोन नंबर 9050200421 पर संपर्क कर सकते

## स्वामी श्री श्री रामेश्वरानंद सरस्वती जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया



**रतिया (नीटू गोयल)।** आज टिब्बा कलोनी स्थित श्री राम आश्रम शिव मंदिर में स्वामी श्री श्री 1008 रामेश्वरानंद जी सरस्वती जी का जन्म महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया की हर साल की तरह इस बार वी ज्योति लीन श्री श्री 1008 स्वामी रामेश्वरानंद जी का जन्म महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया मंदिर कमेटी ने स्वामी जी की प्रतिमा के आगे ज्योति लगा कर पुष्प अर्पण किए।और आयी हुई संगत को प्रसाद बांटा गया।इस मौके पर शास्त्री केशव,शास्त्री नवीन ,भगवान दास खिल्ली,हरीश बंसल, मंदिर कमेटी के सभी सदस्य और महिला मंडल की सभी सदस्य उपस्थित रहे

## प्राथमिक अध्यापकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**हिमाचल (विपुल मित्तल)।** राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला कुनिहार् मे निपुण भारत एवं निपुण हिमाचल के अंतर्गत अर्की खण्ड के प्राथमिक अध्यापकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ जिसमे अर्की खण्ड के लगभग 50 अध्यापक भाग ले रहें हैं! इस शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) भूपेंद्र ठाकुर ने किया तथा शिविर मे उपस्थित सभी अध्यापकों से प्रशिक्षण को रुचीपुरण तरीके से अपनाने का आग्रह किया ।बी आर सी सी अर्की देवेंद्र कौशिक ने इस प्रशिक्षण शिविर के उदेश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस शिविर का मुख्य उदेश्य बच्चों को प्राथमिक कक्षा की पढाई



को पूर्ण करने तक भाषा एवं गणित बेसिक ज्ञान हो जाना चाहिए! केंद्र अध्यक्ष रमेश चन्द् शर्मा ने पाठशालाओं मे घटती संख्या पर चिन्ता जताते हुए कहा कि हमें पाठशाला के साथ लगते क्षेत्र के लोगों का विश्वास जीतना होगा ताकि वे अपने बच्चों को सरकारी पाठशाला मे भेजे तथा बच्चों की संख्या बढ़ सकें ।

## पंचायत सेक्रेटरी, मेंबर और बीडीपीओ ने मिल कर मुख्यमंत्री के हल्के के गाँव को लगाया लाखों में चूना

**चंडीगढ़ (युद्धवीर सिंह)** जिला संगरूर के विधानसभा क्षेत्र धूरी में पड़ते गांव भदलवड के पूर्व सरपंच सुखपाल शर्मा ने कहा कि पंचायत सेक्रेटरी जगजीत सिंह पर लाखों रुपये ग़बन किये है और लैनिन गर्ग बी डी पी ओ के नाम पर 80,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप लगाए है। आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत होने के बाबजूद भी बी डी पी ओ की तरफ से कोई एक्शन नही लिया गया है। एक गाँव का पंचायत मेंबर करमजीत सिंह भी उनके साथ मिला हुआ है । सारा समान जगजीत सिंह और उस मेंबर ने ही ख़रीद किया है । ईसकी जानकारी हमे पंचायत विभाग के जे



ई हरीचरन ने हमें दी जब हमने इस की छानबीन की तो ये बिलकुल सही निकाली ।बल्कि पंचायत यूनियन के प्रधान की हाजरी मे समझौता करने के बावजूद भी ग़बन किए पैसे अभी तक पंचायत के बैंक खाते मे नहीं करवाए गए जमा चंडीगढ़ प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गांव भदलवड के पूर्व सरपंच और पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी धूरी के सुखपाल शर्मा ने कहा कि वर्ष 2008 से 2013 तक उनकी पत्नी नीतू शर्मा को सरपंच चुना गया था। उसके बाद 2013 से 2018 उन्हें सरपंच चुना गया। वर्ष 2018 में एक बार फिर उनकी पत्नी नीतू शर्मा को सरपंच चुन लिया गया। इनका परिवार पिछले 15 साल से लगातार गाँव का सरपंच चले आ रहे है ।

उनके गांव की पंचायत द्वारा किए हुए सराहनीय विकास कार्यों को देखते हुए भारत सरकार के पंचायती राज्य मंत्रालय द्वारा ग्राम पंचायत डेवलपमेंट पुरस्कार स्कीम के तहत दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। सुखपाल शर्मा ने बताया कि उन्होंने व उनकी पत्नी नीतू शर्मा ने अपने कार्यकाल में हमेशा गांव व इसके आसपास के क्षेत्र में विकास कार्यों को ही प्राथमिकता दी है। फिर वो चाहे गांव में पार्क, साफ- सफाई, सीवरेज, पक्की गलियां, CCTV कैमरे, स्ट्रीट लाइट्स,पौधरोपण, मनरेगा के तहत रोजगार मुहैया करवाने के साथ साथ गरीब लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ दिलवाना शामिल है।

## श्रीमती एन, एन मोहन डी ए वी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राइमरी ब्रांच का परीक्षा परिणाम घोषित

**डेरा बस्सी (हरदीप सिंह)।** श्रीमती एन, एन मोहन डी ए वी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राइमरी ब्रांच का परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया, जो कि बहुत शानदार तथा शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षा परिणाम में नर्सरी कक्षा का मनीष प्रथम स्थान पर, के.जी कक्षा में कृतिका रानी प्रथम तथा वंश कुमार दूसरे स्थान पर रहे।

पहली कक्षा में राघव प्रथम स्थान पर ,अमनजोत दूसरे स्थान पर और अफजाद मुहम्मद तीसरे स्थान पर रहे । दूसरी कक्षा में सनवी कुमारी प्रथम, सृष्टि द्वितीय ,शिवकुमार तीसरे स्थान पर रहे ।तीसरी कक्षा में सृष्टि कुमारी ने पहला ,रोशनी ने दूसरा और अहिद खान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी में अभी उपाध्याय ने प्रथम, मनकीरत ने द्वितीय और अंशिका ने तृतीय



स्थान प्राप्त किया ।इसके अतिरिक्त विद्यालय में समय -समय अनुसार करवाई गई गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसमें सर्वोत्तम डांसर का सर्टिफिकेट प्रथम कक्षा के यश मौर्य और रिहाना को मिला ।सर्वोत्तम कलाकार का ईनाम चौथी कक्षा की अदीबा और राजनंदनी सिंह को मिला। भिन्न -भिन्न लोक कलाओं से संबंधित सर्टिफिकेट परमवीर ,हरकीरत और सेलिना खातून को मिले। इस अवसर पर माननीय प्रिंसिपल श्री प्रीतम दास जी ने प्राइमरी ब्रांच का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर अभिभावकों, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हें भविष्य में सदा आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि किसी भी जानदार एवम् शानदार इमारत की बुनियाद उसकी नींव की मजबूती पर आधारित होती है इसलिए शिक्षा के स्तर पर भी हमारी नींव का मजबूत होना जरूरी है तभी हम उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपना सामाजिक योगदान दे सकते हैं। इस मौके पर परीक्षा परिणाम सुनने आए अभिभावकों, अध्यापकों और बच्चों के चेहरे उत्साह एवम खुशी से दमक रहे थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उप-मुख्यअध्यापिका श्रीमती समिता आहूजा, नीलम राठौर ,शशि इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

गुप्ता प्रॉपर्टी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड

फ्लैट खरीदने व बेचने के लिए सम्पर्क करें

8222022228 9915752006



VIKRANT PROPERTIES & DEVELOPERS

फैक्ट्री एवं फार्म हाऊस की जमीन लेने के लिए सम्पर्क करें

Mob.: 8699176176